



चित्रकूट 03 अगस्त। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट में चल रहा जया पार्वती गौरी व्रत आज जवारा विसर्जन के साथ सम्पन्न हो गया इसके पूर्व संध्या पर व्रत कर रहीं बच्चियों ने रात्रि जागरण का आयोजन किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जामनगर गुजरात मेडिकल कालेज के पूर्व विभागाध्यक्ष अस्थि रोग विशेषज्ञ डा0 एच0 के0 बखारिया एवं उनकी पत्नी श्रीमती जयश्री बेन रहीं। डा0 बखारिया ने सभी बच्चियों को आशीर्वाद देते हुये कहा कि इस जया पार्वती गौरी व्रत का ज्यादा प्रचलन काठियावाड गुजरात में है। चित्रकूट में यह व्रत किया जा रहा है। इस व्रत को करने से मन वांछित फल प्राप्त होता है। पार्वती ने भी यह व्रत महादेव महाब्रम्हचारी औधडदानो भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिये किया था। मैं सभी व्रतधारी कन्याओं के लिये भगवान शंकर से प्रार्थना करता हूॅ कि इन्हे वांछित फल मिले। इस कार्यक्रम की संयोजिका समाज सेवी ऊषा जैन का भी हृदय से आभारी हूॅ और कामना करता हूॅ कि इस धार्मिक आयोजन को करती रहें। इससे राष्ट्र एवं समाज का कल्याण होगा। इस जागरण संध्या पर बच्चियों के धार्मिक गीत नाटक ने लोगों को खूब आकर्षित किया। '' कान्हा बरसाने में आ जइयो'', ''राधेश्याम आज की शाम श्याम के नाम'' एवं शिव तांडव जैसे कार्यक्रमों ने खूब तालियां बटोरी। श्री रामसंस्कृत विद्यालय के संगीत कलाकारों ने भी भजन संध्या में भाग लिया। आज सुबह बच्चियों ने पूजा अर्चना कर अपने–अपने जवारों के साथ मां मंदाकिनी के तट पर इस वर्ष के व्रत को सम्पन्न कर अपनी–अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिये आशीर्वाद लिया। अंत में श्रीमतो ऊषा जैन एवं डा. बी.के.जैन, डा0 एच0के0 बखारिया, जयश्री बेन, अनुभा अग्रवाल एवं भरत भाई आदि ने सभी बच्चियों के पैर पखारने (पग प्रक्षालन) का कार्य किया। इसके बाद पांच दिवसीय व्रत को अन्न ग्रहण कर समाप्त किया।

राजेन्द्र मिश्र
जानकीकुण्ड, चित्रकूट